भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *91**

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

एलिवेटेड कॉरीडोर

*91. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रीयह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पुदुचेरी में इंदिरा गांधी स्क्वेर और राजीव गांधी स्क्वेर को जोड़ने वाले प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरीडोर की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि यह कार्य काफी समय से लंबित है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक शुरू होने और पूरा होने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

‘एलिवेटेड कॉरीडोर’ **के संबंध में** श्री वी. वैथिलिंगम **द्वारा पूछे गए दिनांक 08.02.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *91 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ग) इंदिरा गांधी स्क्वायर और राजीव गांधी स्क्वायर को जोड़ने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए परामर्श कार्य पुडुचेरी के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री के अनुरोध पर जुलाई, 2022 में संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी के (लोक निर्माण विभाग) के माध्यम से सौंपा गया था। परामर्शदाता द्वारा मसौदा डीपीआर प्रस्तुत कर दिया गया है।

यह खंड वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा रखरखाव के अधीन है। एनएचएआई ने एक अध्ययन किया है जिसमें एनएच 332ए (पूर्वी तटीय सड़क) पर कालापेटई से पुराने एनएच 66 (नया एनएच-32) के किमी 13/300 पर इस खंड को पार करते हुए और पुराने एनएच 45ए (एनएच 332) के किमी 24/800 पर जुड़ते हुए, पुराने एनएच 66 पर इंदिरा गांधी स्कवायर और राजीव गांधी स्कवायर को जोड़ने वाले हिस्से को बाईपास करते हुए मामल्लपुरम से विल्लुपुरम, कुड्डालोर और अन्य स्थानों की ओर जाने वाले यातायात के लिए बाईपास के निर्माण की सिफारिश की गई है।

*****